# इरेडा ने 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया




नई दिल्ली, 21 जून, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अधीन एक सार्वजनिक प्रतिष्ठान है , ने आज भारत पर्यावास केंद्र, नई दिल्ली के अपने पंजीकृत कार्यालय में (आईडीवाई -2022) 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर, एक पेशेवर योगाचार्य की देखरेख में कंपनी के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने योगासन किए। योग दिवस कार्यक्रम का नई दिल्ली से इरेडा के सभी कार्यालयों में सीधा प्रसारण किया गया।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने श्रोतागणों को संबोधित किया और उन्होंने हमारे दैनिक जीवन में योग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्वस्थ और अनुशासित व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के महत्व को भी रेखांकित किया। इसके अलावा, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि, हमारे कर्मचारियों की भलाई हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है और इरेडा कर्मियों द्वारा नियमित रूप से योग और मेडिटेशन करना 'व्यवसाय के साथ-साथ स्वास्थ्य और कल्याण' के लिए हमारे विश्वास को पुष्ट करता है।

माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अवधारणा की शुरुआत की, इससे इरेडा के सीएमडी ने स्मरण दिलाया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इरेडा शायद एकमात्र सार्वजनिक प्रतिष्ठान

है, जहां पर  दैनिक आधार पर मेडिटेशन करना सभी कर्मचारियों के लिए कार्यालयी गतिविधियों का एक हिस्सा है।

इरेडा कर्मियों द्वारा श्री शुभ चिन्तक किशोर, एक प्रसिद्ध चार्टर्ड एकाउंटेंट और योग प्रशिक्षक, जो 57 वर्षों से अधिक समय से अभ्यास कर रहे हैं, की देखरेख में मेडिटेशन किया गया। उन्होंने इरेडा कर्मियों को योग और मेडिटेशन को अपनी-अपनी  दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। इसके अलावा, श्री किशोर ने 'सहज मार्ग' (प्राकृतिक और आसान मार्ग) ध्यान की तकनीक सिखाई, जोकि लोगों को शांति और आंतरिक शांति खोजने में मदद करती है।

इरेडा के निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह ने अपने संबोधन में इरेडा कर्मियों से योग और ध्यान को अपने-अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह भी किया।

